तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 25 मार्च 2024

12 हर मतदाता व लाभार्थी से जीवंत संपर्क बना रहे...



12 कोड़ेनार एवं किलेपाल में निकाली मतदाता ...





## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी, 2 पकड़ाए

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सुरही पुल के आगे रास्ते में शराब पी रहे दो लोगो को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 मार्च को शाम पौने 7 बजें आरोपी 50 वर्षीय मनोहर मंडावी पिता जयचंद और 27 वर्षीय पवन कुमार पिता देवकुमार सुरही निवासी सुरही पुल के आगे सड़क के किनारे आम जगह पर मोटर सायकल में शराब रखकर पी रहे थे। शराबियों के कब्जे से एक रायल ग्रीन विस्की शराब को जप्त कर 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### घायल का इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत मेड़गांव निवासी 38 वर्षीय घसियाराम कचलाम पिता मेनु राम को ईलाज के दौरान 28 फरवरी को सुबह साढ़े बजें जिला अस्पताल कांकेर में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। अधिक चोट लगने के कारण ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर खाया अधेड़ की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत पुसवाड़ा निवासी 45 वर्षीय शंकर पटेल पिता धरमा का 23 मार्च को दोपहर सवा 3 बजें ईलाज के दौरान मौत हो गया। वार्ड ब्वाँय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### 5 साल में भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को कर दिया बर्बाद : केदार



**जगदलपुर।** बस्तर विधानसभा के बकावंड के किंजोली में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वनमंत्री केदार कश्यप ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी पर पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने का कार्य किया। आदिवासियों के नाम पर छत्तीसगढ़ के भोले भाले जनजाति समाज को ठगने का काम पूर्ववर्ती ठगेस सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के हित में काम केवल भाजपा शासन में हुआ। पिछले शासन काल में न तेंदूपत्ता खरीदा जा रहा था, न ही संग्राहकों को शासन के योजनाओं का लाभ मिल रहा था। आदिवासी समाज ने बघेल सरकार के अन्याय को 5 साल तक झेला है। लेकिन विधानसभा चुनाव में आदिवासी समाज ने कांग्रेस को उखाड़ कर फेंक दिया और प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार को स्थापित किया। विष्णुदेव साय सरकार में मोदी की गारंटी पूरा हो रहा है। सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय लेकर बजट प्रावधान किया गया। महतारी वंदन योजना को शुरू कर दिया गया है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को बोनस और अंतर की राशि एक मुश्त प्रदान की गई। कहने का मतलब यही है कि छत्तीसगढ़ हो या भारत एक विजन और विकास के लक्ष्य को लेकर भाजपा कार्य करती है। कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी मृत अवस्था में पहुंच चुकी है। अब इस पार्टी के पास झंडा उठाने वाले कार्यकर्ता नही हैं।

**पर्व : धुलेडी पर पुलिस का सभी चौक-चौराहों पर रहेगा सख्त पहरा**

# होलिका दहन कर की पूजा-अर्चना आज धूमधाम से मनाएंगे रंगोत्सव

## 10वीं-12वीं की परीक्षा समाप्त होने से युवकों में विशेष उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- घर-घर से पकवानों की खुशबू आती रही

होलिका दहन 24 मार्च को हुआ और वहीं सोमवार 25 मार्च को धुलेड़ी यानी रंग खेलने का दिन रहेगा। बारहवीं व दसवीं की परीक्षा समाप्त हो गई। परीक्षा समाप्त हो जाने के चलते युवाओं में होली खेलने को लेकर उत्साह देखने को मिलेगा। शहर के कई स्थानों पर रविवार को होली का दहन हुआ।

होली रंग बिरंगा व मस्ती भरा पर्व है। इस दिन सारे लोग गिला शिकवा दूर कर गले लग जाते है और एक दूजे को गुलाल लगाते है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को यह त्यौहार मनाया जाता है। होली के साथ अनेक कथाएं भी जुड़ी है। इसके पीछे एक रपौराणिक कथा है। भक्त प्रहलाद के पिता हिरण्य कश्यप स्वंय को भगवान मानते थे। वह विष्णु के विरोधी थे जबकि प्रहलाद विष्णु के भक्त थे। उन्होने प्रहलाद को विष्णु भक्ति से रोका, जब वह नही माने तो प्रहलाद को मारने का प्रयास किया। प्रहलाद के पिता ने आखिर अपनी बहन से मदद मांगी। होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। होलिका अपने भाई की सहायता करने के लिए तैयार हो गई। होलिका प्रहलाद को लेकर चिता मे जा बैठी, परंतु विष्णु की कृपा से प्रहलाद सुरक्षित रहे और होलिका जलकर भस्म हो गई। यह कथा इस बात का संकेत करती है कि बुराई पर अच्छाई की जीत अवश्य होती है।



पूर्णिमा को आज भी होली जलाते है, अगले दिन सब लोग एक दूसरे को गुलाल, अबीर और तरह-तरह के रंगो से होली खेलते है। यह त्यौहार रंगो का त्यौहार है। इस दिन लोग प्रातःकाल उठकर अपने रिश्तेदारो व मित्रों के घर जाते है और उनके साथ जमकर होली खेलते है। बच्चो के लिए यह विशेष महत्व रखता है। सभी लोग बैर भाव भूलकर एक दूसरे से परस्पर गले मिलते है। घरो में महिलाएं एक दिन पहले से मिठाई व गुझिया बनाती है और आस पड़ोस में बांटती है। कई लोग होली की टोली बनाकर निकलते है उन्हे हुरियारे कहते है। ब्रज की होली, मथुरा की होली, वृन्दावन की होली, बरसाने की होली, काशी की होली पूरे भारत में मशहूर है।

### हर्बल होली का ले आनंद



नगर पालिका अध्यक्ष सरोज जितेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि होली का त्यौहार सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशियां लेकर आएं। होली को शालीनतापूर्वक खेले और ऐसी होली खेले, जिसमें पानी बर्बाद न हो। हमारा यही संदेश है कि हर्बल होली खेलें। हमारी होली कांकेर नगरवासियों के साथ मनेगी।

### होली का पर्व देता है सद्भावना का संदेश



पुलिस उपमहानिरीक्षक केएल ध्रुव ने कहा कि रंगों का त्योहार होली हम सभी को आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भावना का संदेश देता है। जिलेवासी रंगो का पर्व होली को परंपरागत उल्लास के साथ मनाएं, इस मौके पर जिले के पुलिसकर्मी सदैव अपना फर्ज तत्परता से निभाते हैं। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और पुलिस जवानों को होली के अवसर पर अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहते हुए नागरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

### शांतिपूर्वक से मनाएं होली



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला ने होली पर्व की जिलेवासियों को बधाई देते हुए कहा कि होली का त्यौहार रंग बिरंगे की तरह है और इसका आनंद लेना चाहिए। यह त्यौहार शांति सद्भाव का प्रतीक है। हमारी जनता से यही अपील है कि इस त्यौहार को शांति, सद्भाव से मनाएं और किसी अप्रिय घटना घटित होने से बचने का प्रयास करें। मैं कांकेर की आम जनता से यहीं से आपेक्षा करते है।

### पुलिस का रहेगा सख्त पहरा



धुलेड़ी पर कांकेर में अब माहौल दिखने लगा है, पहले धुलड़ी के बजाए ज्यादा रंग का माहौल पंचमी में देखने को मिलता है। इसके बावजूद पुलिस एहतियात बरतते हुए सभी चौक - चौराहो व तिराहे पर जवान को तैनात किया है। होली के अवसर पर असामाजिक तत्वों पर पुलिस का सख्त पहरा रहेगा। सिंगारभाट से लेकर गोविंदपुर और भंडारीपारा से पंडरीपानी, बरदेभाट तक थाने की पेट्रोलिंग पार्टियां नियमित पेट्रोलिंग होगी। मस्जिद चौक, कोठारी पेट्रोल पंप, ऊपर-नीचे रोड, पुराना नाका, संतोषी मंदिर चौक, नया बस स्टैण्ड, दुधावा चौक, लट्टीपारा, शीतला मंदिर चौक, संजयनगर, डढ़िया तालाब के पास, कंकालिन तालाब, बरदेभाटा, भंडारीपारा, पुराना बस स्टैण्ड व अन्य निर्धारित पाईंटो में सुबह से ही जवान मुस्तैद रहेंगे।

खबर के साथ फोटो —-24—- केकेआर —- 01

### गांव वालों के साथ मनाते हैं होली



विधायक आशाराम नेताम ने होली के पर्व की समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मेरी होली गांव वालों के साथ ही मनती है। गांव वाले एक साथ एकत्र होकर होली का पूर्ण आनंद लेते हुए मनाते है। उसमें मैं भी शरीक होता हूँ। इस त्यौहार में शांति, सद्भाव व प्रेम के रंग में डूब जाएं और उसका आनंद ले।

### सद्भावना से मनाएं होली



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भाई-चारे एवं सद्भावना का पर्व होली की जिलेवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा इस पर्व को शांति व सद्भावना पूर्वक मनाएं। इसके साथ ही कांकेर की जनता से अपील की है कि जिले की परंपरा के अनुरूप रंगो का पर्व होली सद्भावना व शांतिमय ढंग से धूमधाम से मनाएं। हर्बल होली का उपयोग करें और बेवजह पानी को बेकार न बहाएं और साथ ही इस पर्व के मौके पर नशे का सेवन न करें।

## अज्ञात बाइक की ठोकर से ग्रामीण राहगीर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा थानांतर्गत भिरौद जाने वाले पक्की रोड में 23 मार्च की शाम साढ़े 7 बजें हुई सड़क दुर्घटना में तेलगुड़ा निवासी 47 वर्षीय कमल किशोर महावीर पिता स्व. बीरसिंह का मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

चारामा विकासखंड के ग्राम तेलगुड़ा निवासी 50 वर्षीय रामेश्वर देशमुख ने पुलिस को बताया कि मृतक पैदल चारामा से अपने गाँव तेलगुड़ा जा रहा था और रात को साढ़े 7 बजे अज्ञात मोटर सायकल चालक ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया और मोटर सायकल चालक भाग गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस और मृतक के परिजनों को दिया। मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया



गया। पुलिस ने शव का पीएम कर पंचनामा बनाया और 24 मार्च को शव का पीएम करवाने के उपरांत शव को परिजनों को सौंपा गया। चारामा पुलिस ने बताया कि रात को परिजनों के नहीं पहुँचने के कारण अपराध अभी दर्ज नहीं हुआ है। परिजनों के आने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामाला दर्जकर आरोपी की तलाश किया जाएगा।

## नरहरपुर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च







हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

लोकसभा चुनाव और होली त्यौहार को शांति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर नरहरपुर थाना में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी सुरेश राठौड़ ने लिया और उसके उपरांत राजस्व अधिकारियों के साथ पुलिस ने नरहरपुर में प्लैग मार्च निकाला।

नरहरपुर थाना में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने बताया कि होली के त्योहार पर शांति ढंग से पर्व मनाएं और लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगी हुई है।

जिलेभर में धारा 144 लगी हुई है, इसलिए नियमों को ध्यान में रखते हुए त्यौहार मनाएं। इस अवसर पर नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे, इसके उपरांत नरहरपुर नगर में पुलिस व राजस्व अमले के द्वारा प्लैग मार्च निकाला गया और शांति बनाए रखने की बात कहीं गई।

## पीसीसी अध्यक्ष का टिकट कटने के बाद कांकेर से चुनाव लड़ने के संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता संशय में, टिकट घोषणा का है इंतजार
- पीसीसी अध्यक्ष के अलावा अनिला भेड़िया सहित कई नामों की है चर्चा

बस्तर लोकसभा से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज का नाम कटने के बाद अब कांकेर लोकसभा से चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इस सुगबुगाहट के बाद से कांकेर क्षेत्र के ऐसे नेता जो टिकट पाने के दौड़ में थे, वे असमंजस के दौर से गुजर रहे है।

जानकारी के अनुसार 23 मार्च की रात को कांग्रेस ने सूची जारी कर यह स्पष्ट कर दिया है कि बस्तर लोकसभा से कवासी लखमा चुनाव लड़ेंगे, इसके बाद से कई कयासों की चर्चाएं 23 मार्च की रात से शुरू हो गई। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज जो वर्तमान में बस्तर से सांसद है, उनकी टिकट काट दी गई, यह बस्तर ईलाके के कांग्रेसियों के लिए बड़ा आश्चर्य हो गया। पीसीसी अध्यक्ष का बस्तर से कवासी लखमा का नाम सामने आ जाने के बाद कांकेर लोकसभा का समीकरण भी गड़बड़ा गया है। कांकेर लोकसभा से दीपक बैज के अलावा पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, मोहन मरकाम, बीरेश ठाकुर और नरेश ठाकुर के नाम की चर्चा रायपुर के राजीव भवन व दिल्ली दरबार में हो चुकी है, परंतु कांग्रेस संगठन किस पर विश्वास जताता है, यह तो कांग्रेस की सूची जारी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। जिले के कई कांग्रेस के जिम्मेदारी पदाधिकारी यह कहते हुए नजर आ रहे है कि किसे टिकट मिलेगा, किसी को पता नहीं है। कई पदाधिकारियों से इस विषय पर चर्चा किया तो उनका कहना है कि जिसे भी प्रत्याशी बनाएं, जल्दी घोषित करें। भाजपा की सभाएं हो रही है और हम लोग इधर से उधर भटक रहे है। यह नहीं पता चल पा रहा है कि कौन चुनाव लड़ेगा। कांग्रेस के कई पदाधिकारी फोन रिसीव करने से बच रहे। कांग्रेस के कुछ लोगों का कहना है कि महेंद्र कर्मा बस्तर संभाग के बड़े लीडर थे और कांकेर लोकसभा का चुनाव लड़े थे और हार का मुँह देखना पड़ा था। महेंद्र कर्मा जैसा नेता आज बस्तर संभाग में नहीं है। कांकेर लोकसभा से बाहर का प्रत्याशी लाकर चुनाव लड़ाने का प्रयास कांग्रेस संगठन ने किया तो उसका नुकसान कांग्रेस को होना तय है। कांग्रेस में संगठन की कड़ी पूरी तरह से टूटी हुई है और यह बात उनके कान तक पहुँचे संभव नहीं दिख रहा है। कांग्रेस का हाईकमान जो तय करेगा, वो अपने गुणा भाग से तय करेगा।

**भूजल स्तर में सुधार के लिए उचित प्रयास जरूरी**

## कुएं गायब व हैंडपंपों की भरमार फिर जलसंकट अभी से विकराल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- तालाब जल्द सूखने लगे, नदी व नालों में नजर नहीं आ रहा पानी

गांव में एक पारा में एक कुआं होने से जलस्तर भी नहीं गिरता था और सदैव पानी बना रहता था। ग्रामीण मेहनत से बचने के लिए अब हर पारा में दो-दो हैंडपंप लगवा लिए और अब जलस्तर लगातार घटते जा रहा है, जिससे हैंडपंप अभी से सूखने लगे, इसके साथ ही गांव के तालाब से पानी कम होने लगा है।

गांव में पहले जहां एक व दो कुआं होते थे और उससे पूरे गांव को पानी मिल जाता था, अब ऐसा नहीं है। गांव के लोग अब हैंडपंप पर निर्भर हो गए है। हैंडपंप की संख्या भी गांव में आवश्यकता से अधिक है। एक मुहल्ले में दो-दो हैंडपंप हो गए है। मार्च का महीना है और हैंडपंप कई गांव के सूखने लगे है। कुआं में ऐसा बहुत कम देखने को मिलता था कि कुआं



में पानी नहीं रहा। सुविधाभोगी होने के चलते लोग अब कुआं के बजाए हैंडपंप की ओर अग्रसर हो गए। गांव के तालाब अभी से सूखने लगे है। तालाब के साथ-साथ नदी व नालों से पानी गायब होने लगा है। गर्मी की अभी शुरूआत नहीं हुई है और पानी नहीं होने से लोगो को निस्तारी के लिए सबसे बड़ी समस्या होने लगी है। जिले के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो के गांवो में तालाब, नदी, स्टाप डेम, नहर, बांध सूखने लगे है। मार्च के माह के पहले ही तालाब, नदी में पानी कम होने लगा है और ऐसा लग रहा है कि अप्रैल के आते ही पानी पूरा ही गायब हो जाएगा। इसके अलावा आसपास जो हैंडपंप है, इनमें भी पानी नहीं आता है। लगातार जल स्तर घटने से इस प्रकार की समस्याएं लगातार आ रही है। अप्रैल, मई व जून इन तीन माह में आम आदमी को पानी की समस्या तो होगी, इसके साथ ही मवेशियों को भी पानी नहीं मिल पाएगा।

जानकारों का कहना है कि गांव स्तर पर जो प्रयास होने चाहिए वो अब नहीं हो पा रहे है। कुआँ लगातार खत्म होते जा रहे है और हर पारे में हैंडपंप हो जाने से ही पानी का जलस्तर लगातार कम होते जा रहा है। गांव के लोगो को अब अपनी पुरानी परंपराओं पर आना होगा, तभी जलसंकट से राहत मिल सकती है।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन 26 को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन कार्यक्रम 26 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे परिषद भवन में आयोजित किया गया है। फाग गीत के साथ होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न होगा। परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार शास्त्री ने परिषद के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी है।

### गोंड़ समाज का होली मिलन व शपथ ग्रहण 29 को

**अंवरी।** कुरुद गोंड़ समाज विकास समिति जिला धमतरी का होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह 29 मार्च को सुबह 11 बजे से आदिशक्ति मां अंगार मोती ट्रस्ट गंगरेल के सभाहाल परिसर में आयोजित किया गया है। जिले के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला गोंड़ समाज के संरक्षक जीवराखनलाल मरई शपथ दिलाएंगे। सचिव उदय नेताम ने सामाजिक बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। उक्त समिति में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी आदेश के तहत समिति की अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी होंगी। समिति के सदस्य के तौर पर अपर कलेक्टर जी.आर.मराकम, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शब्बीर हुसैन, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी उपेन्द्र चन्देल, पत्रकारगण सुभाष साहेब, मेघराज ठाकुर और सहायक सूचना अधिकारी, जिला जनसम्पर्क कार्यालय अमित कुमार नुणीवाल को समिति में सदस्य सचिव के तौर पर शामिल किया गया है।

### निगम आयुक्त ने किया फिल्टर प्लांट निरीक्षण

**धमतरी।** शहर के नागरिकों को गुणवत्ता पूर्ण पानी घर तक पहुंचाने निगम आयुक्त विनय कुमार प्रतिबद्ध है। उन्होंने 1 महीने में चौथी बार फिल्टर प्लांट का दौरा किया, जिसे वहां कार्य कर रहे कर्मचारी मुस्तैदी से कार्य कर रहें। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने के दौरान निगम टीम भी साथ थी। फिल्टर प्लांट में उपकरण का बेहतर होना और इसमें उपयोग किए जाने वाली सामग्री पर्याप्त मात्र में समय से पहले उपलब्ध करने अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही फिल्टर प्लांट में फिल्टर मीडिया की हो रही मरमत कार्य को देखा।

### परिक्षेत्र साहू समाज बानगर ने बनाया समर कैंप के लिए कार्ययोजना

**कुरूद।** कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील कुरुद के अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू एवं परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के अध्यक्ष प्रेमचंद साहू व महासचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला धमतरी मनोज कुमार साहू के मार्गदर्शन में कर्मचारी प्रकोष्ठ बानगर में बैठक रखी गई। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजन हेतु योजना बनाने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड के बैठक में चर्चा की गई। उक्त बैठक में विभिन्न योजनाएं जैसे निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर कक्षा नवमीं से प्रतियोगी परीक्षा के स्तर के विद्यार्थियों के लिए 01 से 31 मई तक आयोजित होगी । इसके साथ ही परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के प्रत्येक ग्राम में दो चरणों में कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधि आधारित समर कैंप का आयोजन होना है। जिसमें परिक्षेत्र के सभी 12 ग्रामों को 2 जोन में बांटकर दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में छुपी प्रतिभा का प्रस्फुटन कराना है। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा और नवमी से 12वीं कक्षा स्तर के बच्चों का शैक्षिक स्तर में वृद्धि करना है।

# प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को सशस्त्र सीमा बल केंवटी ने सिलाई मशीनें दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



सशस्त्र सीमा बल 33वीं वाहिनी केवटी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम सी. ओ. बी. तुमापाल में आयोजित किया गया। इस दौरान 23 फरवरी से 23 मार्च तक 45 ग्रामीण छात्रों को आईटीआई अंतागढ़ के माध्यम से करवाये जा रहे कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 ग्रामीण महिलाओं को आईटीआई भानुप्रतापपुर के माध्यम से करवाये जा रहे सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया तथा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र श्री महेंद्र कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट 33 वाहिनी केवटी द्वारा वितरित किया गया। सिलाई मशीन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र के अतिरिक्त सिलाई मशीन भी वितरित की गई।

आज के कार्यक्रम के तहत वाहिनी की विभिन्न सी.ओ. बी. जैसे सी.ओ. बी. कोसरोंडा, तुमापाल तथा बर्रेबेडा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों को सोलर स्ट्रीट लाइट तथा सोलर लैम्प इत्यादि का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर मानव चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 33 वाहिनी केवटी के डॉ धीरज कुमार, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) के द्वारा कार्यक्रम में आये ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार एवं दवा वितरण किया गया।

विदित हो कि सशस्त्र सीमा बल वर्तमान में भारत- नेपाल, भारत-भूटान के अलावा जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और छत्तीसगढ़ समेत बिहार व झारखण्ड में नक्सल उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है साथ ही 33 वाहिनी वर्ष 2016 से जिला उत्तर बस्तर कांकेर में "रावघाट रेलवे परियोजना" की सुरक्षा के अलावा नक्सल उन्मूलन/ रक्षा सम्बन्धी कार्यो में छत्तीसगढ़ प्रशासन की मदद कर रही हैं। सशस्त्र सीमा बल आम जनता के दिल और दिमाग को जीतने के लिये सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं से जनता की मदद करती रही है। उक्त कार्यक्रम के दौरान श्री महेंद्र कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट 33 वाहिनी केवटी द्वारा ग्रामीण जन को उनकी समस्यायों को लेकर संवोधित किया गया तथा युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा आपसी समन्वय पर जोर दिया।

इस अवसर पर आईटीआई अंतागढ़ के प्राचार्य श्री प्रतीक साहू, प्रिशक्षण समन्वयक श्री निलेश वर्मा तथा आईटीआई भानुप्रतापपुर के प्रशिक्षण अधिकारी श्री किशोर राणा, श्री बनवारी राम, रविकान्त आदिल, देवेन्द्र कुलदीप, प्रशिक्षक सीमा साहू एवं वसंत देवगन तथा ग्राम पंचायत बौन्दनार के सरपंच श्री मनकू दरो, तुमापाल के श्री वीर सिंह दरो तथा ताड़ोकी के श्री धर्म सिंह गावड़े एवं 33 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी के अधिकारीगण तथा अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान भी मौजूद रहे।

## 19 युगलों का हुआ सामूहिक विवाह दिवस संस्कार



**धमतरी।** जिले में गांव-गांव चलाए जा रहे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ अभियान अंतर्गत कुरुद ब्लाक के ग्राम गातापार में वरिष्ठ आचार्य ओमप्रकाश द्वारा 13 दम्पतियों एवं चिंवरी में वरिष्ठ आचार्य परमानंद द्वारा 6 दम्पतियों का वैदिक रीति-रिवाज से सामूहिक विवाह दिवस संस्कार संपन्न कराया गया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि गायत्री परिवार का यह आयोजन पति-पत्नी के आपसी संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने, उनके गृहस्थ जीवन को सफल एवं सुखमय बनाने और जीवन भर सुख-दुख में साथ निभाने के संकल्पों को दोहराते हुए एक दूसरे के गले में वरमाला पहनाकर अग्निकुंड के सात फेरे लेने का वह भावुक क्षण जीवन के लिए यादगार बन जाता है।

इसके अतिरिक्त गातापार में 3 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार, चिंवरी में 10 पुंसवन संस्कार, दीक्षा संस्कार 24, एवं 2 विद्यारंभ संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में श्रीमती साधना देवांगन प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी कुरुद, बंशीलाल यदु ब्लाक समन्वयक, टेकराम इकाई प्रमुख, सोहद्रा तारक, रुक्मणी साहू, नंदकुमार साहू, सेवक साहू, हेमन्त यादव, परमानंद साहू सहित गायत्री परिवार के परिजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

## स्कूली बच्चों ने चखा अंगूर नमकीन एवं लड्डू का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा



शासकीय माध्यमिक शाला रामपुर में न्योता भोज का आयोजन किया गया। अंगूर की व्यवस्था गोपालराम साहू प्रभारी प्रधानपाठक, नमकीन मिक्सचर की व्यवस्था कमललाल सार्वा शिक्षक, लड्डू की व्यवस्था कक्षा आठवीं की छात्रा नूतन, ओमिन, मेघा, गीतांजलि, वीणा एवं हेमलता द्वारा की गई थी। बच्चों ने एक दूसरे पर गुलाल लगाकर खुशियां बांटी। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश कुमार घृतलहरे, रोहित कुमार बघेल समेत अन्य उपस्थित थे।

## 72 पौवा शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बिरेझर चौकी एवं साइबर की संयुक्त टीम ने अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी बिरेझर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम परसट्ठी में एक व्यक्ति शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना पर बिरेझर पुलिस एवं साइबर की टीम परसट्ठी पहुंची और संदेही व्यक्ति को पकड़कर उससे पूछताछ की। युवक ने अपना नाम धनेश साहू पिता स्व. मंगलू साहू उम्र 53 निवासी परसट्ठी बताया। आरोपी के पास से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 39 पौवा देशी मशाला शराब, सफेद भूरे रंग के थैले में 33 पौवा अंग्रेजी ग्रांड कोलम्बिया व्हिस्की शराब कुल 72 पौवा कीमत 8250 रूपये एवं बिक्री रकम 1280 रुपये कुल 9530 रूपये जब्त किया गया। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में साइबर प्रभारी निरीक्षक सनी दुबे, चौकी प्रभारी उनि चंद्रकांत साहू, सउनि दक्ष कुमार साहू, प्रआर लोकेश नेताम, आरक्षक दीपक साहू, योगेश नाग, मुकेश मिश्रा, मनोज साहू, गोपाल चंद्राकर सहित चौकी बिरेझर पुलिस का विशेष योगदान रहा।

## कंपनी ने दी मृत युवक के परिजनों को आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

कुल्हाड़ी निवासी भोजराज साहू पिता बलराम साहू की 7 मार्च को कुरूद नेशनल हाईवे 30 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। विशाखापट्टनम भारतमाला की सौरभ सागा ट्रेडिंग कंपनी में वह सुपरवाइजर का काम करता था। कंपनी के चंद्रप्रकाश शर्मा ने उनके परिवारजनों को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर युवराज साहू सरपंच, नंदकुमार साहू ग्राम पटेल, सियाराम साहू, रामलाल साहू, सरजूराम साहू, कृष्ण कुमार कोटवार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी मृतक के चाचा मोहनलाल साहू ने दी।

## हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों की अब खैर नहीं

- त्योहार एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कुरुद पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आगामी होली, ईद त्योहार एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी के नेतृत्व में कुरुद पुलिस ने बाइक पेट्रोलिंग एवं फ्लैग मार्च निकाला। पैदल फ्लैग मार्च कुरूद के मुख्य चौक चौराहों से होते हुए वापस कुरूद थाना पहुंचा। फ्लैग मार्च में कुरुद थाना एवं पुलिस लाइन धमतरी के पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे।

आगामी होली, ईद त्योहार एवं लोकसभा चुनाव 2024 में आदर्श आचार संहिता के पालन करने सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं। जनता में विश्वास कायम करने और चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया है। पुलिस के इस फ्लैग मार्च से असामाजिक तत्वों में भय पैदा होगा और आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना जागृत होगी। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, डीएसपी श्रीमती रागिनी मिश्रा, थाना प्रभारी कुरुद निरीक्षक अरुण साहू सहित पुलिस बलों की संयुक्त टीम रही।





## थाना प्रभारियों ने ली शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- अपराधियों और हुडदंगियों पर लगेगी लगाम



जिले के थाना व चौकी प्रभारियों ने शांति समिति की बैठक लेकर शांतिपूर्ण त्योहार मनाने व आदर्श आचार संहिता का पालन करने की समझाइश दी है। त्योहारों को लेकर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने की तैयारियों के उद्देश्य से एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति समितियों की बैठक ली। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए आचार संहिता का पालन कर होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कहा गया। इस दौरान बताया गया कि दोपहिया में तीन सवारी, तेज गाड़ी चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कहा गया कि होली में नशीले पदार्थ का उपयोग न करें, किसी के ऊपर जबरन रंग न लगाएं, ग्रीस एवं कांचयुक्त रंगो का प्रयोग न करें, अश्लील हरकतों एवं शब्दों का उपयोग न करें, हुड़दंग, मारपीट, गाली गलौज, शोरशराबा से बचे। किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें। शहर व गांवों में वाहनों में तेज आवाज से म्यूजिक लगाकर हुड़दंग न करें। स्कूल कालेज की परीक्षाओं के चलते बिना अनुमति साउंड सिस्टम का उपयोग न करें। शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों से कहा गया कि यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों का सहयोग करें।

## सिटी बस के लिए चौथी बार टेंडर जारी

- जिले में 10 सिटी बस चलाने की योजना, लेकिन बस संचालन करने कोई सामने नहीं आ रहा
- कोरोनाकाल के पहले शहरी सार्वजनिक सोसायटी रायपुर द्वारा होता था संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



फाइल फोटो

धमतरी जिला अर्बन पब्लिक सोसाइटी के माध्यम से जिले में सिटी बस चलाने की योजना प्रस्तावित है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके लिए तीन बार टेंडर जारी किया गया, लेकिन तीनों बार टेंडर लैप्स हो गया। अब चौथी बार टेंडर जारी किया गया है।

निगम आयुक्त विनय पोयाम ने बताया कि जिले के विभिन्न रूटों में 10 सिटी बस चलाने की योजना है, लेकिन बस संचालन करने कोई सामने नहीं आ रहा है। सभी टेंडर लेप्स हो गए, अब फिर से संचालक की खोज में टेंडर जारी किया गया है। यह प्रक्रिया आचार संहिता लगने के पूर्व जारी की गई है। संचालक मिलने पर सिटी बस चालू कर दी जाएगी। उनका कहना है कि जिला प्रशासन सिटी बस चलाने पूरी गंभीरता दिखा रहा है, लेकिन संचालक इसमें रूचि नहीं ले रहे हैं।

विदित हो कि चार साल पहले जिले को 10 सिटी बसें मिली थीं जिसका संचालन शहरी सार्वजनिक सोसाइटी रायपुर द्वारा होता था। कोरानाकाल में यह सेवाएं स्थगित हो गई थीं। बसों को अर्जुनी स्थित डिपो में रखा गया। कुछ समय के बाद 6 बसें रायपुर भेजी गई। बची चार बसों की हालत भी कंडम हो गई। इसके बाद रिपेयरिंग के बहाने 3 बसें फिर रायपुर भेजी गईं।

एक बस कंडम हालत में अर्जुनी डिपो में खड़ी हुई है। लोगों की मांग पर शासन ने फिर से 10 नई सिटी बस धमतरी जिले को दी है। अब बस के संचालन के लिए संचालक खोजना जिला प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती है। यदि सिटी बसें चलती हैं तो आसपास के गांवों के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। निजी वाहनों के मुकाबले किराया भी 30 से 40 प्रतिशत कम रहेगा।

सिटी बस का संचालन धमतरी से कंडेल, दोनर, खरेंगा, कोलियारी से बस स्टैंड, नगरी से दुगली, धमतरी से गंगरेल, रूद्री, धमतरी से कुरूद मेघा, धमतरी से गुंडरदेही, गट्टासिल्ली, मगरलोड आदि स्थानों पर होगा।

पूर्व में 10 जगहों पर स्टापेज बनाया गया था। इसके लिए निगम प्रशासन ने 5 लाख रूपए खर्च किए थे। शहर के बस स्टैंड, नहरनाका, सिहावा चौक, रत्नाबांधा, मुजगहन चौक, अर्जुनी चौक, नगर निगम स्कूल चौक, अंबेडकर चौक, बठेना चौक, मिशन मैदान के पास सर्वसुविधायुक्त बस स्टापेज बनाया गया है।

## सदर में निकलेगी सेठजी की बारात



**धमतरी।** होली त्योहार को अनोखे ढंग से सेलिब्रेट करते हुए सदर बाजार में सेठजी की बारात निकाली जाएगी जिसमें सदर बाजार के एक दम्पति सेठ और सेठानी बनकर सूटबूट में सदर बाजार का भ्रमण करेंगे और लोगों से आशीर्वाद लेंगे। सदरबाजार में उन्हें घरों में उपहार भी मिलेगा। रात में सदरबाजारवासी सामूहिक भोज भी करेंगे।

## होली से पहले खुला बाइपास मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





होली से पहले ही बाईपास मार्ग को पूरी तरह से खोल दिया गया है। दोनों ओर से बड़ी और छोटी गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो गई है। हाईटेंशन तार को हटाने का काम कम्पलीट हो गया है। अब छोटे-छोटे काम बचे हैं। इन कामों के लिए बाईपास को बंद नहीं किया जाएगा।

बाईपास निर्माण का काम 8 साल बाद पूरा हुआ लेकिन बाईपास में दो स्थानों पर हाईटेंशन लाइन गुजरी हुई थी। हाईटेंशन तार की उंचाई कम होने के कारण निर्माण के बाद भी बाईपास मार्ग को पूरी तरह से नहीं खोला गया था। 23 दिन के परिश्रम के बाद हाईटेंशन तार की उंचाई बढ़ाई गई। रविवार को अंततः बाईपास मार्ग को पूरी तरह से खोला गया। लाइन शिफ्टिंग के चलते 22 दिनों तक बाईपास को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। शनिवार से ही ट्रैफिक पुलिस, एनएचएआई के अधिकारी बाईपास को खोलने लिए जुटे हुए थे।

दोनों ओर कई स्थानों पर मलबा, मुरूम डालकर बाईपास को बंद किया गया था। जेसीबी की मदद से मलबा को हटवाया गया। अब बाईपास पूरी तरह से खुल गया है। इसमें बड़ी-छोटी सभी गाड़ियां दौड़ने लगी हैं।

### ट्रैफिक का दबाव होगा कम

जगदलपुर, बस्तर, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश जाने के लिए एनएच-30 मुख्यमार्ग है जो शहर के बीच से गुजरा हुआ था। इससे शहर के भीतर ट्रैफिक की समस्या पैदा हो गई थी। बाईपास बनने के बाद भी इसे पूरी तरह से खोला नहीं गया था। इस मार्ग को एक साइड खोला गया था। लाइन शिफ्टिंग के दौरान बाईपास को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### आलू, अदरक महंगा व टमाटर हुआ सस्ता



**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में इस रविवार को आलू, अदरक महंगा एवं टमाटर सस्ता हुआ। हालांकि होली पर्व के चलते बाजार में चहलपहल ज्यादा दिखी। प्याज की आपूर्ति मुख्य रूप से महाराष्ट्र नासिक, अहमदानगर और इंदौर से हो रही है, इसलिए प्याज की दर बढ़ने की संभावना बढ़ रही है। बाजार में टमाटर 20, परवल 80, फूलगोभी 60, पत्तागोभी 20-30, शिमला मिर्च 100, हरी मिर्च 50, भिंडी 50, भट्टा 50, बरबटी 80, करेला 60, आलू 25-30, प्याज 30-40, अदरक 200, लहसून 120 रुपए किलो, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

### नक्सली फरमान के चलते नाईट एक्सप्रेस और पैसेंजर दंतेवाड़ा तक चलेगी

# किरन्दुल-बचेली के लोगों को होगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



किरन्दुल-कोत्तावालसा रेल लाइन के दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा जिला में नक्सली फरमान के चलते यात्री ट्रेनों को दंतेवाड़ा तक संचालित की जा रही है। ट्रेनों के शॉर्ट टर्मिनेशन का आदेश रेल जोन भुवनेश्वर के निर्देश पर रेल मंडल विशाखापटनम ने जान-माल की सुरक्षा के मद्देनजर सतर्कता के चलते दो यात्री ट्रेनों को किरन्दुल की बजाय दंतेवाड़ा तक परिचालन करने का निर्णय लिया है। नक्सलियों के इस फरमान से होली पर्व के दौरान दक्षिण बस्तर खासकर बचेली और किरन्दुल के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। दक्षिण बस्तर का पूरा व्यापार सम्भाग मुख्यालय जगदलपुर के भरोसा चलता है। एन होली पर्व में क्षेत्र के व्यापारियों को खरीदी में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय से जारी आदेश के चलते ट्रेन क्रमांक 08551 व 08552 विशाखापटनम से किरन्दुल आने-जाने वाली पैसेंजर ट्रेन और ट्रेन क्रमांक 18541 व 18513 विशाखापटनम से किरन्दुल तक आने-जाने वाली नाईट एक्सप्रेस ट्रेन को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। रेल मंडल विशाखापटनम के वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक एके त्रिपाठी के मुताबिक 30 मार्च तक दोनों ट्रेने किरन्दुल तक संचालित नहीं होगी। वरन इस दौरान दोनों ट्रेन का दंतेवाड़ा तक परिचालन होगा। जारी आदेश के अनुसार 22 से 30 मार्च तक विशाखापटनम से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 18514 विशाखापटनम- किरंदुल नाईट एक्सप्रेस ट्रेन दंतेवाड़ा में समाप्त होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18513 किरंदुल-विशाखापटनम नाईट एक्सप्रेस ट्रेन 23 से 31 मार्च तक किरंदुल के स्थान पर दंतेवाड़ा से विशाखापटनम तक चलेगी। जबकि 22 से 31 मार्च तक विशाखापटनम से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 08551 विशाखापटनम-किरंदुल ट्रेन दंतेवाड़ा में समाप्त होगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 08552 किरंदुल-विशाखापटनम ट्रेन 23 मार्च से 1 अप्रैल तक किरंदुल के बजाय दंतेवाड़ा से विशाखापटनम तक चलेगी।

## होली के पहले बच्चों ने स्कूल में खेली होली...




जगदलपुर। होली का त्योहार बच्चों ने स्कूल में जमकर मनाया। शासकीय प्राथमिक शाला भेजापदर में शुक्रवार को पढ़ाई खत्म होने के बाद बच्चों ने रंग, गुलाल के साथ घंटों होली खेली। 3 दिन छुट्टी होने के कारण बच्चों ने होली के पहले ही रंगों का त्योहार होली स्कूल में ही मनाया।

## खजूर के साथ समाज का दुख भोग सप्ताह शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में रविवार को खजूर के साथ क्रिश्चन समाज का दुख भोग सप्ताह भी शुरू हो गया है। इस सप्ताह चर्च में प्रार्थना सभाएं होंगी और गुड फ्राइडे मनाया जाएगा। इसके बाद आने वाले रविवार को ईस्टर का पर्व मनाया जाएगा। मेथोडिस्ट चर्च में सुबह पाम संडे के अवसर पर एक जुलूस की शक्ल हाथों में खजूर की डालियां लिए नारे लगाते हुए चर्च में प्रवेश किए, उसके बाद चर्च विशेष आराधना हुई। इस दौरान पास्टर इंचार्ज रवींद्र नाथ ने यहूना और मती की पुस्तक से संदेश पढ़कर सुनाया। नए बच्चों का चर्च में पूर्ण सदस्यता का संस्कार भी किया जाता है, इस वर्ष कलीसिया में लगभग 83 बच्चों को शामिल किया गया। पास्टर डी.एस रविंद्र नाथ और यूसुफ सिंह द्वारा कलीसिया में मिलाया गया। इस अवसर पर क्वायर कमेटी और महिला समिति की ओर से विशेष गीत भी गाए गए। शुक्रवार को गुड फ्राइडे की प्रार्थना सभा दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक होगी इसके बाद रविवार को ईस्टर पर्व मनाया जाएगा। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास ने दी।

# हॉट स्पॉट में अग्नि सुरक्षा झोपड़ी पर फायर वाचर तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले में भानपुरी परिक्षेत्र के सालेमेटा, करपावंड परिक्षेत्र के कोमार बीट सहित लगभग 6 हॉट स्पॉट चिन्हित किया गया, जहां

- जिले के जंगल में आग को काबू पा रहे फायर वाचर





पिछले 5 सालों में जंगल में आग लगी। ऐसे हॉट स्पॉट में अग्नि सुरक्षा झोपड़ी बनाया गया, जहां पहली बार वन विभाग ने फायर वाचर नियुक्त किया गया, जो जंगल में आग को काबू पाएंगे। जिले की पहाड़ी एवं जंगलों में गर्मी का मौसम शुरू होते ही आग लगने का सिलसिला शुरू हो जाता है। पहाड़ी को आग से बचाने और आग लगने की स्थिति में निगरानी रखने के लिए वन विभाग द्वारा फायर वाचर की नियुक्ति की जाती है।

वन विभाग की इस अपर्याप्त व्यवस्था के कारण ही हर वर्ष क्षेत्र के जंगलों में कई बार आग लगने पर समय पर जानकारी नहीं मिल पाती है। इससे वनों को तो नुकसान होता है, साथ ही वन्य जीवों पर भी संकट खड़ा हो जाता है। इसमें विभाग के एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश रात्रे अधीनस्थ परिक्षेत्र अधिकारी के साथ आग बुझाने में जुटे हुए हैं।

### गांव में हो रही अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि जंगल में आग पर गांव-गांव में अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें आवा रान बचाओ नारे के साथ ग्रामीणों को जागरूकता की जा रही है। इसके अलावा एनजीओ एवं कला जत्था की ओर से नृत्य, नाटक मंचन कर और ग्रामीणों की बैठक लेकर आदि से जागरूक किया जा रहा है।

## संपत्ति विरूपण के तहत नगर निगम ने की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने मातहत अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित करते निगम क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों के होडिंग,फ्लेक्स,पोस्टर हटाने कहा था। आयुक्त के निर्देश का पालन करते राजस्व विभाग का अमला चुनावी सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई शुरू की है। सार्वजनिक व निजी दीवारों में प्रचार सम्बंधित नारे को मिटाने की कार्रवाई भी की गई। कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देश पर संपत्ति विरूपण के तहत नगर निगम प्रशासन की बनाई गई टीम के द्वारा कार्रवाई की जा रही है । आयुक्त ने बताया संपत्ति विरूपण के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश जारी कर दिया गया है। उसके तहत निगम प्रशासन की टीम बनाई गई है,जो निगम क्षेत्र के 48 वार्डो एवं मुख्य मार्ग में संपत्ति विरूपण के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं।

### रावनगुड़ा स्कूल में बच्चों ने खेली होली

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला रावनगुड़ा में हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। छात्र- छात्राओं ने एक दूसरे पर रंग लगाकर होली त्योहार की खुशियां बांटी। इस अवसर पर प्रधानपाठिका सुश्री सोहद्रा तारक, डुमन लाल बंजारे, रुसेंद्र तारक, रसोइया बृजबाई लहरे, मैना बाई साहू, भृत्य हीराराम समेत अन्य मौजूद थे।

### घटुला स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**नगरी।** शासकीय माध्यमिक शाला घटुला में 88 बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन मोनू साहू द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अतंर्गत बच्चों ने पूरक पोषण आहार के तौर पर खीर, पूड़ी का आनंद लिया। पोषण आहार पाकर बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर संस्था प्रभारी नरेश कौशल, श्रीमती रुक्मणी साहू, शिक्षक मनोज पटेल, शिक्षक अब्दुल अज़ीज मेमन, समन्वयक संजय रेड्डी उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों को केला-अंगूर बांट

**बगदेही(धमतरी)।** प्राथमिक शासकीय एवं माध्यमिक शाला चोरभट्ठी में नरेन्द्र ने अपने पुत्र यश के जन्मदिन पर बच्चों को केला एवं अंगूर का वितरण किया। बच्चों इसका आनंद उठाया। इस दौरान स्कूल स्टाफ सहित पालकगण उपस्थित थे।

### पालकों ने कराया न्योता भोजन

**सिर्री।** शासकीय माध्यमिक शाला अटंग में शासन की योजना के तहत शुक्रवार को न्योता भोजन का आयोजन किया गया। स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक भोजन देने और उसके प्रति रुचि बढ़ाने स्कूलों में न्योता भोज कराया जा रहा है। माध्यमिक शाला अटंग में पालक विनीता राजेश साहू, कविता धूषण साहू और डोमेश्वरी लिम्मन साहू ने बच्चों को खीर, पूड़ी परोसकर न्योता भोजन खिलाया।

## रोटरी-इनरव्हील क्लब ने मनाई फूलों की होली






हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रोटरी व इनरव्हील क्लब द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम रोटेरियन डॉक्टर सुमित गुप्ता के फार्म हाउस में आयोजित किया गया। रोटरी अध्यक्ष अजय गोयल एवं इनरव्हील क्लब अध्यक्ष श्रीमती पायल गोयल ने क्लब सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों के मनोरंजन हेतु बैलून गेम, अंताक्षरी हाउसी एवं फूलों की होली का आयोजन किया गया जिसका सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद उठाया। इस आयोजन में प्रोग्राम डायरेक्टर रोटरी क्लब के रोटेरियन अजीत खंडेलवाल एवं राकेश झंवर व इनरव्हील क्लब से ममता खंडेलवाल व एकता झंवर का योगदान रहा। आभार प्रदर्शन क्लब सचिव रोटे. आशीष गोयल ने किया।

### पुलिस अधीक्षक ने रूद्री थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

# अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस सदैव सतर्क रहे : आंजनेय वार्ष्णेय

- पुलिस कर्मियों की देखी वेशभूषा एवं परेड, उत्कृष्ट कर्मचारी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने रूद्री थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की परेड देखी एवं अच्छी परेड कराने वाले एवं उत्तम वेशभूषा में पाये जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान दौरान पुलिस अधीक्षक ने परिसर की साफ-सफाई एवं थाना परिसर की सुंदरता बढ़ाने पौधे लगाने के सुझाव भी दिए। बाहर में रखे जब्ती मॉल का भी निरीक्षण किया। उनके शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसके बाद में एसपी ने थाना प्रभारी रूद्री, डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे से थाने में दर्ज विभिन्न गंभीर अपराधों की जानकारी ली। पेंडिंग अपराधों, शिकायत, मर्ग एवं लंबित अपराधों की पेंडिंग सूची एवं रजिस्टर का अवलोकन किया। लंबित शिकायत, लंबित अपराध, लंबित मर्ग, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के सख्त निर्देश दिये गए। केस डायरी को प्रत्येक विवेचक को अध्ययन करने तथा अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस टीम को सतर्क रहकर मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

इसी प्रकार आवश्यक पंजी, रजिस्टर रोजनामचा, केस डायरी, प्रथम सूचना पत्र, अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध पुस्तिका, एमएलसी रजिस्टर, निरीक्षण पुस्तिका, कर्तव्य पंजी का अवलोकन कर उसमें पाई गई कमियों को पूरा करने संबंधित को निर्देश दिए। मालखाना में जाकर जब्त सामग्री का बारीकी से निरीक्षण कर इसके रखरखाव पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। पुलिस अधीक्षक ने थाने के कंप्यूटर, मालखाना, पुरुष हवालात, महिला हवालात व थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में साफ- सफाई का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही न्यायालय से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन करने, महिला एवं बालक बालिकाओं से संबंधित तथा हत्या और अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। आगे कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों को सम्मानपूर्वक बिठाकर उनकी समस्याओं, शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। थाने में रखे हथियारों का भी निरीक्षण किया। माह के दो दिन सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हथियार के खोलने, जोड़ने के अभ्यास एवं उनके बारे में जानकारी देने निर्देशित किया गया। एसपी ने आगे कहा कि किसी भी प्रकार की विभागीय या व्यक्तिगत समस्या है तो वे उनसे बेझिझक बता सकते हैं। इस अवसर थाना प्रभारी, डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे, सउनि उमेश शुक्ला, भीष्म अवस्थी, सउनि दिनेश चंदेल एवं थाना रूद्री के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## मतदाता जागरुकता की दिलाई शपथ

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में होली त्योहार के साथ लोग चुनाव पर्व भी मना रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में होली मिलन कार्यक्रम के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालयों में जहां विद्यार्थियों ने मतदान की शपथ ली वहीं स्वीप कोर कमिटी सदस्य जानकी गुप्ता द्वारा शिव शक्ति महिला समाज सेवीसंस्था, ऑल इंडिया लीनेस क्लब, छत्तीसगढ़ महतारी संस्था के सदस्यों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भी रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।



## साहू समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

- मड़ेली में 5 अप्रैल को कर्मा जयंती मनाने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम मड़ेली में साहू समाज द्वारा होली मिलन समारोह रखा गया। इस दौरान समाजजनों ने 5 अप्रैल शुक्रवार को कर्मा जयंती मनाने का निर्णय लिया। मौके पर संतराम साहू संरक्षक, ठाकुरराम साहू अध्यक्ष, रामगुलाल साहू उपाध्यक्ष, शेखर साहू कोषाध्यक्ष, रुक्मणी साहू उपाध्यक्ष, यशवंत साहू, दिनेश साहू, पार प्रमुख टेमन साहू, शेर सिंह साहू, शत्रुघन साहू, पीतांबर साहू, डेरहा साहू, माखन साहू, नवली साहू, नंदू साहू, आनंद साहू, गांधी साहू, घनश्याम साहू, पंचराम साहू, लोकेश्वर सोन, टीकम साहू, बालाराम, जयनारायण साहू, सुदामा साहू, गैंदराम साहू, पुरानिक साहू, दूजराम साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शेखर साहू ने किया।



## खबर संक्षेप

### चेम्बर भवन में होली मिलन आज

**जगदलपुर।** होलिकोत्सव के उपलक्ष्य में 25 मार्च को चेम्बर सभागार में प्रातः 10 बजे होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है। चेम्बर आफ कामर्स के महामंत्री विमल बोथरा ने समस्त व्यापारी बंधुओं से अनुरोध किया है कि होली मिलन समारोह में उपस्थित होकर समारोह को रंग गुलाल से सरोबोर करें।

### लोस चुनाव में कांग्रेस ने पराजय स्वीकार कर ली है : मण्डावी

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी ने जारी बयान में कहा कि लोकसभा



चुनाव में कांग्रेस ने पराजय स्वीकार कर ली है। इसलिये चुनाव लड़ने कोई भी कांग्रेसी तैयार नहीं हो रहा है। देश के इतने पुराने राजनीतिक दल की ऐसी स्थिति भी बन जायेगी, यह किसी ने भी नहीं सोचा था। विधानसभा चुनाव में भाजपा से मिली करारी हार से कांग्रेस उबर नहीं पायी है, कांग्रेसियों में लोकसभा चुनाव में भी पराजित होने का भय हावी हो गया है। कांग्रेस के पास बस्तर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिये कई कांग्रेसी नेता हैं लेकिन जिसका भी नाम प्रत्याशी बनाने आगे किया जा रहा है, वो अपनी टिकट दूसरे की ओर उछाल रहा है।

### सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2006 बैच के हरियाणा कैडर के अधिकारी डॉ. जे. गणेशन को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है। वहीं भारतीय पुलिस सेवा के 2010 बैच के उत्तरप्रदेश कैडर के अधिकारी रामकिशुन को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

### भाजपा की चुनावी रणनीति, बूथ स्तर की छोटी बैठकों में शामिल हो रहे बड़े नेता

# हर मतदाता व लाभार्थी से जीवंत संपर्क बना रहे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी मतदान केन्द्रों को मजबूत बनाने व कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ चुनावी कार्य में झोंकने की रणनीति पर काम कर रहा है। शक्ति केन्द्र, बूथ स्तर की बैठकें लेकर आमजन व मतदाताओं से सीधे संवाद संपर्क करने कहा जा रहा है। संगठन के बड़े नेता छोटी बैठकों में शामिल होकर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भर रहे हैं। बस्तर लोकसभा सीट में कांग्रेस को रिकार्ड मतों से पछाड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मोतीलाल वार्ड नयापारा क्षेत्र में शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केन्द्र की बैठक में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप शामिल हुये और शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, बूथ अध्यक्षों को चुनाव कार्य में कोई लापरवाही न बरतने व रणनीतिक रूप से अपने अपने बूथ में कार्य करने कहा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ में भाजपा के पक्ष में 370 वोट बढाने का लक्ष्य लेकर चुनाव कार्य को पूर्ण करना है। बूथ समिति के सभी सदस्य सक्रियता से काम करें, इसकी चिंता बूथ अध्यक्ष अवश्य करें। बूथ में आने वाले प्रत्येक मतदाता, हरेक लाभार्थी से मिलना, संपर्क साधना है। 19 अप्रैल को मतदान तिथि है, इसके पहले सभी लाभार्थियों सहित क्षेत्र के सभी मतदाताओं व लोगों से कार्यकर्ताओं का सीधा संपर्क स्थापित होना चाहिये।

मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व प्रदेश सरकार द्वारा मोदी की गारंटी पूर्ण करने के कार्योंर् के साथ जनता के बीच जायें और उनसे जुड़ें। इस दौरान शक्तिकेन्द्र प्रभारी शशिनाथ पाठक, पार्षद आलोक अवस्थी, बूथ अध्यक्ष बृजेश शर्मा, सूर्य भूषण सिंह, अमरनाथ झा, डिकेश नाग, बृजेश कपूर, राजेश श्रीवास्तव शामिल रहे।

## नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन ने मनाया शहीद दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन दंतेवाड़ा ने शहीद दिवस पर भारत मां के वीर सपूतों शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को

■ शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के बलिदान को याद कर दी श्रद्धांजलि

जय स्तंभ चौक दंतेवाड़ा व बचेली नगर स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीदों के बलिदान को याद किया गया। संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रियांशु सिंह ने बताया की देश की आजादी में अहम योगदान देने वाले इन बलिदानियों ने अंग्रेजी हुकूमत की नाक में दम कर दिया था। अदालती आदेश के मुताबिक इन तीनों को 24 मार्च 1931 को सुबह 8 बजे फांसी लगाई जानी थी, लेकिन 23 मार्च 1931 को ही इन तीनों को देर शाम करीब 7 बजे फांसी लगा दी। आज के दिन ही 23 मार्च 1931 को हुई इतिहास की इस बड़ी घटना को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष नफीस कुरैशी, जिला अध्यक्ष दिलीप सोनी, जिला अध्यक्ष महिला अकलबती नाग, महिला जिला कोषाध्यक्ष संजू सोनी, संयुक्ता देवांगन, सुखविंदर सिंह, ममता देवांगन, पुखराज सोनी, मलीना चक्रवर्ती, लक्ष्मी यादव, मनोज सोनी सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## कोड़ेनार एवं किलेपाल में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत

■ महिला समूहों की दीदियों ने रैली में हिस्सा लेकर ग्रामीण मतदाताओं को मतदान करने किया प्रेरित

चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के बास्तानार विकासखण्ड के कोड़ेनार एवं किलेपाल में आज मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर ग्रामीण मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान रैली में भाग लेने वाले दीदियों ने मेरा वोट-मेरा अधिकार, लोकतंत्र में हिस्सेदारी-मतदान में हम सबकी भागीदारी, वोट दो-देश को मजबूत करो इत्यादि स्लोगन-नारे के द्वारा ग्रामीण मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने का सन्देश दिया। वहीं इन दीदियों ने रंगोली के माध्यम से महिला मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों द्वारा प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की शपथ ली गई। इस दौरान क्षेत्र के महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन मौजूद थे।

## न्यायालय के महिला रूम में होली का रंग...



**जगदलपुर।** अधिवक्ता संघ की महिला उपाध्यक्ष हेलिना मोजेस ने फूलों की होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को महिला रूम में किया। जहां सीनियर-जूनियर अधिवक्ताओं ने कार्यक्रम का आनंद लेते एक दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी।

## ग्रामीणों को नशे के खिलाफ किया जा रहा जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के समाज कार्य अध्ययनशाला ने करंजी गांव में ग्रामीण शिविर का आयोजन किया। सात दिवसीय शिविर का आयोजन कुलपति

■ सात दिवसीय शिविर आयोजित

प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव और कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपई के मार्गदर्शन में किया गया। अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष डॉ. सुकृता तिर्की कार्यक्रम की संयोजक रही। शिक्षक डॉ. तुलिका शर्मा और पुंकेश्वर वैध के दिशा निर्देश पर एमएसडब्ल्यू द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी इस शिविर में शामिल हुए। शिविर के दौरान हर दिन अलग-अलग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान ग्रामीणों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। इस मौके पर स्वच्छता शिविर, निशुल्क आंख जांच शिविर जेके अस्पताल एवं आरफा फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया। गांव का सर्वे किया गया जिसमें ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही गांव की समस्याओं की जानकारी ली गई। विभागाध्यक्ष ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा के बारे में बताया। समापन समारोह के दौरान गांव के सरपंच, गांव के वरिष्ठजन, चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। अन्त में विधार्थियों द्वारा संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समापन किया गया।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में नारा लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या पालीटेक्निक धरमपुरा और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आड़ावाल में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय कन्या पालीटेक्निक धरमपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों ने नारा लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया और मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आड़ावाल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान सम्बन्धित संस्थाओं के प्राचार्य और प्रशिक्षण अधिकारी एवं अन्य कार्यालयीन कर्मचारियों सहित प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करने की शपथ ली गई।

## एनएसयूआई की बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य की अध्यक्षता में राजीव भवन में एनएसयूआई की बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर रूपरेखा बनाई गई एवं नए वोटर्स को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस के पक्ष में वोट करने पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश महासचिव एम ज्योति राव, उस्मान रजा, अंकित सिंह, शेख अय्याज, नीलम कश्यप, विशाल खंबारी, लोकेश चौधरी, अभय प्रताप सिंह, करण बजाज, दुशाल काले, केदार कश्यप, धर्मा पाढ़ी, कुणाल पटेल, हरदास बघेल, हंशु नाग, मनीष कश्यप, कृपालु कश्यप, हिमांशु कश्यप, ओमकार यादव, कर्तव्य आचार्य, दीपेश पाणिग्रही, राजूराम, अनस अली, सागर कश्यप, संदीप यादव अक्षत राज समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा



भारतीय लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। संपूर्ण भारत देश में लोकसभा चुनाव के 543 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान कराया जाना है। जिसे लेकर हाल में चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया गया है। ज्ञात हो कि 2019 के आम चुनावों को पीछे छोड़ कुल 44 दिनों के अवधि तक चलने वाले इस चुनाव, जो कि 1951-1952 को छोड़कर के लम्बे समय तक आयोजित होने वाला आम चुनाव होगा। कोण्टा विकासखण्ड के शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास राव एवं बीआरसी वीरभद्र राव की मौजूदगी में कोण्टा विकास खंड मुख्यालय में संचालित अलग-अलग शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों ने एक साथ तकरीबन सात सौ मीटर लम्बी मतदाता जागरूक रैली निकाली। इस दौरान कोण्टा क्षेत्र के वनांचल गांवों से शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने शांति पूर्ण चुनाव व वोट हमारा मौलिक अधिकार के तहत हाथों में विभिन्न स्लोगन के तख्तियां लिए नारों के साथ नगर के मुख्य चौराहों से होते हुए अपने-अपने संस्था में लौटे। रैली में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## एमएमडब्ल्यू यूनियन ने शहीदी दिवस पर अमर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल



लोह नगरी किरंदुल में लिख रहा हूँ मैं जिसका अंजाम आज, कल उसका आगाज आयेगा, मेरे लहू का हर एक कतरा इंकलाब लायेगा। मैं रहूँ ना रहूँ, ये वादा है तुझसे मेरा, मेरे बाद वतन पे मिटने वालों का सैलाब आयेगा। अमर शहीद भगत सिंह ने न केवल ये उदगार व्यक्त किये थे, अपितु मातृभूमि के लिए अल्पायु में ही अपना सर्वस्व न्योछावर कर इस उदगार के एक एक अक्षरों को चरितार्थ भी करके दिखाया। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा 23 मार्च 1931 को अपनी मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर बलिदानियों भगतसिंह जी, राजगुरु जी, सुखदेव जी को इंटक भवन में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तथा राष्ट्र के लिए उनके द्वारा दिये गए बलिदान का स्मरण किया गया। यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए के सिंह, कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव,राकेश लाल , देवनारायण, दिनेश साहू, पुष्पलता साहू, पी एल साहू, द्वारा बलिदानियों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र के प्रति उनके विचारों को व्यक्त करते हुए आम जनमानस तक लाने और जीवन में उतारने की बातें कही गई। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी, नथेला राम नेताम, पतिराम बघेल, अरविंद गुप्ता, वेणुधर, राजेंद्र पटनायक, शादाब जिलान शैलेश रथ, तरुण कुमार, लोहिदास, दिलीप मंडावी, सुधा बाघ, रजनी साहू, सूरमा दास सहित यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में मातृशक्तियाँ उपस्थित थे।



